www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, बुधवार, 17 सितंबर 2025

## सुविचार



जैसे सूर्योदय के होते ही अंधकार दूर हो जाता है, वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएं शांत हो जाती हैं।

- अमृतलाल नागर

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- हमलावरों की पहचान को एटीएम के भी खंगाले जा रहे फुटेज-II
- हर क्षेत्र में देश कर रहा विकास, श्रेय के पात्र हैं पीएम मोदी-III
- रामलीला शुरू, चौधरी तालाब मैदान में गूंजा हर-हर महादेव-IV

## सिटी ब्रीफ

### विश्वकर्मा पूजा से दशहरा तक के अवकाश तय

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने आगामी त्योहारों के अवकाश निर्धारित कर दिए हैं। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के मुताबिक 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा, 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती, 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को दशहरा के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा। इस दौरान यदि विश्वविद्यालय की कोई परीक्षा पहले से निर्धारित होगी तो वह होगी।

### पेंशनर्स की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ पेंशनर्स की बैठक जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भगवान दास के पेंशन भुगतान के मुद्दे पर चर्चा की गई। राकेश कुमार और लवी रानी यादव के ग्रेड-पे रुपये 4,800 की स्वीकृति के लिए अधीक्षण अभियंता से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक नत्थू लाल लोधी, वीरेंद्र सिंह राठी, ब्रह्म प्रकाश सक्सेना, अरुणकान्त सक्सेना, जावेद सईद अख्तर, राजेन्द्र कुमार, आलोक, बलवंत सिंह, गुलशन कुमार, आदित्य प्रकाश, अनवार हुसैन मौजूद रहे।

### 104 इंजनों में लगेंगे वॉयस रिकॉर्डर

**बरेली, अमृत विचार :** रेल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे नई तकनीक लागू करने जा रहा है। अब ट्रेनों के इंजनों में वॉयस रिकॉर्डर लगाए जाएंगे, जो फ्लाइट के ब्लैक बॉक्स की तरह काम करेंगे। दिवाली के बाद इस योजना की शुरुआत उत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की 104 ट्रेनों से होगी। सीपीआरओ पीके सिंह ने बताया कि इन वॉयस रिकॉर्डरों में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की आपसी बातचीत, कंट्रोल से हुई बात और अन्य तकनीकी ध्वनियां रिकॉर्ड होंगी। यह रिकॉर्डर महत्वपूर्ण सबूत के रूप में काम करेगा।

## रासलीला का मंचन



टिबरीनाथ मंदिर के रामकथा स्थल पर रासलीला का मंचन करते वृंदावन के कलाकार। ● अमृत विचार

## जंक खा रहे करोड़ों के स्काई वॉक के बहुरेंगे दिन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड का दावा, नवरात्र में शुरू होगा स्काई वॉक
- दुकानों और अन्य गतिविधियों के संचालन की भूमिका तैयार करेगी कंपनी

**अमृत विचार :** ये खबर शहरवासियों के लिए खास है, जल्द ही पटेल चौक पर बने स्काई वॉक पर आम जन विचरण कर सकेंगे। करीब एक साल से बनकर तैयार स्काई वॉक के संचालन की सुध नगर निगम ने ली है। बीते दिनों बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड और मुंबई की निजी क्षेत्र की एजेंसी के बीच अनुबंध होने के बाद स्काई वॉक को औपचारिक रूप से हैंडओवर कर दिया गया है। नवरात्र के दिनों में इसका संचालन आरंभ कर दिया जाएगा।

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 11 करोड़ रुपये की लागत से पटेल चौक पर बने स्काई वॉक का संचालन लंबे समय से अटका था। निगम अधिकारियों के अनुसार स्काई वॉक के संचालन की जिम्मेदारी मुंबई की फर्म आनंदी इंटरप्राइजेज को दी गई है। संचालन के साथ ही एजेंसी स्काई वॉक के अंदर प्रस्तावित दुकानें व अन्य कार्यों की रूप रेखा भी तैयार करेगी।



पटेल चौक पर लंबे समय से बनकर तैयार है स्काई वॉक। ● अमृत विचार

> स्काई वॉक का संचालन मुंबई की एजेंसी को सौंप दिया गया है। एक सप्ताह के भीतर संचालन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसमें कई विकास कार्य भी होंगे जो कि आमजन के लिए किसी आकर्षण से कम नहीं होगा।
>
> – **संजीव कुमार मौर्य**, सीईओ, स्मार्ट सिटी कंपनी

जो कि निगम की आय बढ़ाने में एक अहम भूमिका अदा रहेगी। इसके साथ ही स्काई वॉक तथा उसके आसपास के क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, आकर्षक लाइटें और सीसीटीवी कैमरे भी लगाने के साथ ही यहां आमजन के बैठने के लिए कुर्सियों का भी निर्माण कराया जाएगा। निगरानी के लिए कंपनी की टीमें भी तैनात होंगी, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की अनहोनी न की जा सके।

# आरटीओ की वेबसाइट से 32,737 वाहनों के चालान होंगे निरस्त


**सौगात : मंडल के वाहन स्वामियों को मिलेगी राहत, 2017 से 2021 तक के सभी ई-चालान को समाप्त करने की प्रक्रिया परिवहन विभाग ने शुरू की**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मंडल के 32 हजार से अधिक वाहन मालिकों के लिए राहत भरी खबर है। वर्ष 2017 से 2021 तक उनके वाहनों पर किए गए ई-चालान स्वतः समाप्त माने जाएंगे। यानि जिन चालानों पर अदालतों में कार्रवाई लंबित थी या जो समय-सीमा से बाहर हो चुके हैं, वे अब मान्य नहीं रहेंगे। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह के आदेश के बाद परिवहन विभाग ऐसे सभी चालानों को समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि, टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

बता दें, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस हर महीने सैकड़ों की तादाद में वाहनों पर कमियां पाए जाने पर चालान करती है। प्रदेश सरकार ने दो साल पहले वर्ष 2017 से 21 तक के पांच सालों में वाहनों पर की गई चालान की कार्रवाई को लेकर वाहन स्वामियों को बड़ी सौगात दी थी। इन वाहनों के चालान माफ किए जाने के फैसले से वाहन स्वामियों में खुशी की लहर थी, लेकिन अभी भी बरेली मंडल के 32,737 चालान विभागीय वेबसाइट पर शो कर रहे हैं। इन पर करोड़ों रुपये का राजस्व बकाया दिख रहा है। इससे इन वाहन स्वामियों के सामने समस्या खड़ी हो गई थी। शासन ने फिर से पांच साल पुराने चालानों को निरस्त किए जाने के लिए आदेश जारी किए हैं। इससे ये सभी चालान स्वतः समाप्त हो जाएंगे। इस फैसले के साथ ही फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जैसी सेवाओं पर लगे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। यानि पुराने ई-चालानों की वजह से वाहन मालिकों को इन सेवाओं में अड़चन नहीं होगी। अधिकारियों का कहना है कि एक महीने के भीतर सभी चालानों की स्थिति पोर्टल पर अपडेट कर दी जाएगी और जनता आसानी से ई-चालान पोर्टल पर जाकर अपने वाहन और चालान का स्टेटस देख सकेगी।

- सरकार की ओर से दो साल पहले जारी आदेश को किया जाएगा क्रियान्वित
- अदालती कार्रवाई और समय सीमा से बाहर के चालान नहीं होंगे मान्य



चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से होते हैं ऑनलाइन चालान। ● अमृत विचार

> शासन ने यह फैसला जनहित, पारदर्शिता और कानून के पालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। 2017 से 2021 के बीच के 32 हजार से अधिक चालान विभागीय वेबसाइट पर शो हो रहे थे। इनको निरस्त किए जाने के आदेश दिए परिवहन आयुक्त की ओर से दिए गए हैं। जल्द ही सभी पुराने चालान निरस्त होंगे।
>
> – **पंकज कुमार**–आरटीओ प्रशासन

### बरेली में सर्वाधिक और पीलीभीत जिले में सबसे कम चालान हैं लंबित

परिवहन विभाग से जो आंकड़े मिले हैं, उसके मुताबिक 2017 से 2021 के बीच मंडल में बरेली जनपद में सर्वाधिक चालान 58140 हुए थे। दूसरे नंबर पर शाहजहांपुर में 48922 चालान हुए थे। बदायूं में 20361, पीलीभीत में 17094 हुए। निस्तारण की बात करें तो इनमें बरेली में 31509, बदायूं में 15549, पीलीभीत में 16647 और शाहजहांपुर में 48075 चालान विभिन्न माध्यमों से निस्तारित हुए। जबकि 32737 चालान पेंडिंग चल रहे हैं। इनमें बरेली के 26631, बदायूं के 4812, पीलीभीत के 447 और शाहजहांपुर के 847 चालान लंबित हैं।

### इन वाहनों पर लागू नहीं होगा यह आदेश

यह राहत टैक्स रिकवरी से जुड़े चालानों पर लागू नहीं होगी। यानि मोटर व्हीकल्स टैक्सेशन एक्ट के तहत बकाया टैक्स वाले मामलों पर कार्रवाई अलग से जारी रहेगी। इसी तरह, गंभीर दुर्घटनाओं, आईपीसी से जुड़े मामलों या शराब पीकर वाहन चलाने जैसे प्रकरण इस दायरे से बाहर रखे गए हैं। इन धाराओं में शामिल चालानों को खत्म नहीं किया जाएगा।

## बरेली में लगातार चौथी बार महिला कमिश्नर की हुई तैनाती

कार्यालय संवाददता, बरेली

- सरल स्वभाव और समन्वय क्षमता के लिए जानी जाती हैं नई मंडलायुक्त
- बरेली की सीडीओ भी रह चुकी हैं अनामिका सिंह, कर्मचारियों में उत्साह

**अमृत विचार:** सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी और उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी में तैनात रहीं अनामिका सिंह को बरेली का मंडलायुक्त बनाए जाने पर विकास भवन में खुशी का माहौल है। वह 2007-08 में बरेली की सीडीओ रह चुकी हैं और लगातार चौथी महिला मंडलायुक्त के रूप में तैनाती हुई है।

विकास भवन के कर्मचारी बताते हैं कि अनामिका सिंह के सरल स्वभाव और अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाने की क्षमता के कारण उनका कार्यकाल हमेशा यादगार रहा है। सीडीओ रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे, जो आज भी चर्चा में हैं। उनकी नियुक्ति से बरेली के विकास में नए आयाम जुड़ने की उम्मीद है। अनामिका सिंह की कार्यशैली के कारण लोग उनसे काफी उम्मीदें लगा रहे हैं। वह विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



अनामिका सिंह।



सौम्या अग्रवाल।

इधर, 2008 बैच की आईएएस सौम्या अग्रवाल ने मार्च 2023 में बरेली कमिश्नर के पद पर चार्ज ग्रहण किया था। इससे पहले जून 2022 को कमिश्नर आर.रमेश के तबादले के बाद सेल्वा कुमार जे ने बतौर कमिश्नर पदभार संभाला था। दो अक्टूबर 2022 को उनका तबादला मेरठ कमिश्नर के पद पर हुआ और बरेली में सारिका मोहन को कमिश्नर के पद पर भेजा गया था। वह चार्ज लेने नहीं आईं तो केंद्र में तैनात रहीं संयुक्ता समद्दार को बरेली का कमिश्नर बनाया गया। 27 फरवरी 2022 को शासन ने संयुक्ता समद्दार को कमिश्नर पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया था। इसके बाद दो मार्च को सौम्या अग्रवाल ने कमिश्नर का पदभार संभाला था।

## 20 हजार से अधिक घरों की आज गुल रहेगी बिजली

- कोहाड़ापीर, इज्जतनगर और सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन पर कराया जाएगा काम

**बरेली, अमृत विचार:** अनुरक्षण माह की शुरुआत होते ही शहर में बिजली संकट शुरू हो गया है। अधिकारियों का दावा है कि एक माह मरम्मत के काम कराकर दिवाली के मौके पर शहर के लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति दी जाएगी। इसके तहत बुधवार को कोहाड़ापीर, इज्जतनगर और सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली गुल रहेगी।

किला सिटी फीडर पर बुधवार को ट्रांसफार्मर की सफाई और पेड़ों की टहनियों की छंटाई के चलते सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक शास्त्रीनगर किप्स कॉलनी, हार्टमन की आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा कोहाड़ापीर सब स्टेशन के चाहबाई फीडर पर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान आरडीएसएस योजना के तहत चाहबाई ट्रांसफार्मर की जर्जर एलटी एबीसी बदलने का काम किया जाएगा। जिसके चलते चाहबाई, स्वरूप नगर, जकाती मोहल्ला, बजरिया, पटवा गली बजरिया पूरनमल की सप्लाई बाधित रहेगी।

### लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग ने किया परेशान

शहर में मंगलवार को लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान रहे। दरगाह आला हजरत के पास मंगलवार को 11 से 12 बजे तक ट्रांसफार्मर पर काम कराने को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं कुतुबखाना के आलमगीरीगंज बाजार में भी बिजली का संकट बना रहा। कैंट, मिशन सबस्टेशन, शाहदाना और सिविल लाइंस क्षेत्र में फेस नहीं आने के साथ वोल्टेज की समस्या बनी रही।

इसके अलावा सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन पर पावर ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग का काम किया जाएगा, जिसके चलते सिटी स्टेशन, कमल टाकीज फीडर पर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक का शटडाउन रहेगा। इज्जतनगर में काम कराने की वजह से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

## शिकायतें दूर करने को बनी हेल्प डेस्क ही शिकायतों में घिरीं

**बरेली, अमृत विचार:** बिजली आपूर्ति से संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायतों की शिकायतें दूर करने के लिए बनाई गई हेल्प डेस्क ही शिकायतों में घिर गई है। वहीं किला सबस्टेशन पर बनी हेल्प डेस्क पर एक बाहरी युवक बैठकर लोगों की शिकायतें सुन रहा है। आरोप है कि शिकायत का समाधान कराने के नाम पर वह पैसे की मांग करता है। अधिशासी अभियंता नितिन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

जनवरी से शहरी क्षेत्र में वर्टिकल व्यवस्था लागू की गई है। इसके बाद शहर के रामपुर गार्डन, हरुनगला, किला और राजेन्द्रनगर में चार हेल्प डेस्क पर ही बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को सुना जा रहा है। इसके अलावा 1912 पर आने वाली शिकायतों को भी संबंधित क्षेत्र की हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर करके एसडीओ, जेई के साथ कर्मचारियों को शिकायत का निस्तारण करने को कहा जाता है, लेकिन सुबह के समय दर्ज कराई गई शिकायत का दोपहर तक निस्तारण नहीं होने से उपभोक्ता परेशान होते रहते हैं।

## निजी सेंटरों पर अटकी सुविधा, जिला महिला अस्पताल में मिल रही तारीख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गर्भवती मरीजों की नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड जांच के लिए सरकारी अस्पतालों से संबद्ध हैं निजी सेंटर
- पोर्टल में खराबी के चलते भटक रहीं मरीज, बजट भी बना अड़ंगा क्यूआर कोड नहीं हो रहा जनरेट

**अमृत विचार :** देहात क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज के लिए आने वाली गर्भवती मरीज नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए भटक रही हैं।

ऐसा इसलिए कि बजट के अभाव के चलते मरीजों को नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड जांच करने वाले निजी सेंटरों पर सुविधा बीते डेढ़ माह से बंद है। इसके चलते जिला महिला अस्पताल स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मरीजों का भार बढ़ गया है और उन्हें दो दिन बाद की तिथि जांच के लिए दी जा रही है।

दरअसल, शासन की ओर से संचालित मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 200 से अधिक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर विभाग से संबृद्ध हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज के लिए आने वाली गर्भवतियों को इन निजी अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों पर रेफर किया जाता है।

जांच से पहले गर्भवतियों का पंजीकरण होता है और रजिस्टर मोबाइल नंबर पर क्यूआर कोड भेजा जाता है। गर्भवती की जांच के बाद उस कोड को सेंटर पर स्कैन किया जाता है और शासन की तरफ से सेंटर को भुगतान हो जाता है।

> करीब एक माह से शासन स्तर से ही पूरे प्रदेश में क्यूआर कोड स्कैन संबंधी समस्या है। कई बार शासन स्तर पर सुधार के लिए संपर्क भी किया गया है। हालांकि जल्द ही समस्या दूर होने का आश्वासन दिया गया है।
>
> – **डॉ. विश्राम सिंह**, सीएमओ।

इन सेंटरों पर पिछले डेढ़ माह से क्यूआर कोड स्कैन करने में दिक्कत आ रही है। इससे मरीजों को निजी केंद्रों पर मुफ्त अल्ट्रा साउंड की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही जुलाई से बजट भी नहीं मिलने से नये सेंटरों की संबद्धता अटकी हुई है।

**फैसला** | डिलीवरी कंपनियों और राइड्स में इस्तेमाल होने वाली बाइकों के व्यावसायिक उपयोग पर परिवहन विभाग की सख्ती की तैयारी

## व्यापार करना है तो परमिट के बिना नहीं चलेगी बाइक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** व्यावसायिक कार्य में उपयोग होने वाली बाइकों के लिए अब परिवहन विभाग से परमिट लेना अनिवार्य होगा। विभाग विभिन्न कंपनियों में व्यावसायिक उपयोग के लिए संचालित होने वाले दो पहिया वाहनों को चिह्नित करेगा और उनका कॉमर्शियल पंजीयन कराते हुए परमिट जारी करेगा। इसके लिए वाहन मालिकों से हर साल 2350 रुपये टैक्स वसूला जाएगा।

वर्तमान में, परिवहन विभाग में दोपहिया, ई रिक्शा, कैब, ऑटो, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, कृषि संबंधित वाहन, डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर समेत 17 श्रेणी के वाहनों के व्यावसायिक पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। अधिकतर कारोबारी अपने दो पहिया वाहनों को निजी वाहन के रूप में पंजीकृत कराकर चलाते हैं और घर-घर तक डिलीवरी पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। ई-कामर्स कंपनियों के डिलीवरी ब्वाय और कामर्सियल राइड्स में निजी वाहनों का व्यावसायिक उपयोग कर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। परिवहन आयुक्त ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद व्यवसाय में उपयोग होने वाली बाइकों पर सख्ती करने के लिए परिवहन विभाग तैयारी में जुट गया है। नए नियमों के मुताबिक बाइक का पंजीकरण व्यावसायिक में कराना तो अनिवार्य होगा ही साथ में परमिट भी लेना होगा। यही नहीं, बाइक की नंबर प्लेट भी पीली करानी होगी।



- कामर्शियल पंजीकरण कराने के बाद ही बाइकों का कर सकेंगे इस्तेमाल
- पंजीकरण शुल्क के साथ 2350 रुपये का सालाना शुल्क देना होगा

### ऐसे करना होगा आवेदन

बाइक के व्यावसायिक वाहन के रूप में पंजीकरण के लिए परिवहन विभाग में आवेदन करना होगा। इसकी फीस 300 रुपये, परमिट के 700 रुपये, कोर्ट फीस 100 रुपये, आवेदन के 500 रुपये देने होंगे। वार्षिक टैक्स के रूप में प्रति वर्ष 2350 रुपये जमा करने होंगे। फिटनेस के लिए अलग से 230 रुपये वार्षिक और प्रति सीट के आधार पर कर का निर्धारण होगा।

> दो पहिया वाहन का व्यावसायिक में पंजीयन का नियम हैं, लेकिन ऐसा कोई कराता नहीं है। इसके लिए विभिन्न कंपनियों को निर्देश देकर वाहनों का व्यावसायिक पंजीयन कराया जाएगा। बिना पंजीकरण व्यावसायिक कार्य में दो पहिया वाहन चलते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**पंकज सिंह**, आरटीओ प्रशासन

## बिना नक्शा पास कराए बने भवन सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) से बिना नक्शा पास कराए बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कर लिया जा रहा है। ऐसे ही चार निर्माणों पर बीडीए ने कार्रवाई करते हुए भवनों को सील कर दिया है। वहीं भवन स्वामियों को कड़ी चेतावनी भी जारी की है।

शहर के मिनी बाईपास रोड पर डॉ. निहाल सिंह गंगवार जाबा शोरूम के पास लगभग 110 वर्ग मी. क्षेत्रफल में व्यावसायिक भवन का निर्माण करा रहे थे। कर्मचारी नगर में राजेन्द्र कुमार ने लगभग 300 वर्ग मी. क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित व्यावसायिक प्रतिष्ठान का संचालन कर दिया था, लेकिन नक्शा स्वीकृति संबंधी दस्तावेज मांगने पर वह नहीं दिखा सके। किला क्षेत्र के रामपुर रोड पर सुदेश सिंह ने लगभग 600 वर्गमी. क्षेत्रफल में व्यावसायिक भवन का निर्माण कर लिया और अजय कुमार ने थाना किला के सिटी स्टेशन के सामने लगभग 250 वर्गमी क्षेत्रफल में व्यावसायिक भवन का निर्माण कराना आरंभ कर दिया था। इन सभी अवैध निर्माणों को बीडीए की टीम ने सील कर दिया है।



अवैध निर्माण को सील करती टीम।

- बीडीए की टीम ने मिनी बाईपास और किला इलाके में अवैध निर्माणों पर की कार्रवाई

बीडीए की टीम में अवर अभियन्ता अजीत कुमार साहनी, सहायक अभियंता संदीप कुमार, सुरेन्द्र द्विवेदी, धर्मवीर सिंह चौहान, सक्षम अधिकारी ज्ञानेन्द्र शर्मा व अजीत सिंह समेत अन्य सदस्य शामिल रहे। अजीत कुमार साहनी ने बताया कि बरेली विकास क्षेत्र के अन्तर्गत बिना विकास प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किये कराये गये अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध प्रभावी रूप से ध्वस्तीकरण व सीलबन्द की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे


हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# हमलावरों की पहचान को एटीएम के भी खंगाले जा रहे फुटेज

## दिशा पाटनी के घर भाड़े के शूटरों से फायरिंग कराने की आशंका, शीशगढ़ से बिलासपुर की तरफ जाते दिखाई दिए शूटर, रुद्रपुर पहुंची पुलिस टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग के मामले में पुलिस को आशंका है कि गैंगस्टरों ने भाड़े के शूटरों से फायरिंग कराई है। पुलिस टीम चौपुला, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा समेत आस-पास के एटीएम के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही उस समय के आगे-पीछे हुए ट्रांजेक्शन के भी डिटेल खंगाली जा रही है। आशंका है कि शूटरों को वारदात के बाद कैश मुहैया कराया गया होगा।

उधर, पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में शीशगढ़ से बिलासपुर की तरफ जाते हुए शूटर दिखाई दिए हैं। ऐसे में पुलिस टीम रुद्रपुर में दस्तक दे दी है। शूटरों का स्केच भी लगभग तैयार कर लिया गया है। इसे पुलिस कभी भी जारी कर सकती है।

सिविल लाइंस निवासी फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता और रिटायर्ड सीओ जगदीश पाटनी के घर 11 सितंबर को तड़के करीब 4:33 से 4:35 बजे बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की थी। फायरिंग के समय घर में पत्नी पद्मा पाटनी और बेटी पूर्व मेजर खुशबू पाटनी समेत जगदीश का भतीजा मौजूद था। उसके बाद 12 सितंबर को करीब 3:30 बजे उनका पालतू कुत्ता अचानक भौंकने लगा। उसकी आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई।

उनका कहना है कि पहले दिन की घटना से वह पूरी तरह से सजग भी थे। जैसे ही वह बालकनी में आए कि बदमाश ब्रस्ट फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। हमलावरों की तलाश में पुलिस की छह टीमों समेत एसटीएफ की भी टीमें लगाई गई हैं। पुलिस गांडीव पोर्टल और त्रिनेत्र ऐप के जरिये बदमाशों के हुलिये के अनुसार चिन्हित कर रही है। पुलिस को सुदर्शन पोर्टल के जरिये सोशल मीडिया पर दिशा पाटनी समेत उनके परिवार से संबंधित पोस्ट करने में 33 संदिग्ध अकाउंट मिले हैं।

इनमें ज्यादातर राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत यूपी में सक्रिय हैं। इनका इस्तेमाल करने वालों का ब्योरा जुटाया जा रहा है।


दिशा पाटनी के घर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग प्रकरण में रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्डे के आस-पास के एटीएम के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पंजाब-हरियाणा और दिल्ली से कुल 515 अपराधियों के अल्बम मिले हैं। इन सभी की कुंडली खंगाली जा रही है। जल्द ही शूटर सलाखों के पीछे होंगे। – अनुराग आर्य, एसएसपी

- चौपुला-रेलवे स्टेशन समेत आस-पास के खंगाले जा रहे एटीएम के फुटेज
- दोनों संदिग्धों का स्केच लगभग तैयार, पुलिस कभी भी कर सकती है जारी

### पेंट लगाकर छिपाई बाइक का नंबर प्लेट बिलासपुर के रास्ते भागे उत्तराखंड

पुलिस टीम ने करीब तीन हजार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला है। इसके बाद भोजीपुरा टोल प्लाजा के आगे की कड़ी जोड़ने में सफलता मिली है। दोनों शूटर अपाचे बाइक की नंबर प्लेट पर पेंट लगाकर नंबर छिपा दिए थे। साथ ही भोजीपुरा टोल के बाद देवरनियां के आस-पास के ग्रामीण इलाकों से होकर शीशगढ़ पहुंचे थे। शीशगढ़ में एक फुटेज में हमलावर दिखाई दिए हैं। इसके बाद बिलासपुर के रास्ते उत्तराखंड में पहुंच गए। पुलिस को आशंका है कि दोनों शूटर रुद्रपुर में शरण लिए हुए हैं। इसके मद्देनजर पुलिस की एक टीम ने रुद्रपुर में डेरा डाल दिया है। साथ ही कई संदिग्धों के यहां दस्तक भी दी। फिलहाल शूटर अभी तक पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। दावा है कि बहुत जल्द दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दिल्ली से मिला इनपुट, घुमावदार रूट चुनता है गिरोह

एसएसपी की एक पुलिस टीम दिल्ली में डेरा जमाए हुए है। दिल्ली पुलिस समेत अन्य सोर्सों से टीम को इनपुट मिला है कि इस गिरोह के लोग वारदात के बाद जानबूझ कर घुमावदार रूट चुनते हैं। कई जगह यू-टर्न लेकर उसी रास्ते को पकड़कर दोबारा से आगे जाते हैं, जिससे पुलिस उन्हें ट्रैस न कर सके। यही वजह है कि दोनों शूटर भी कई ऐसे स्थान पर दिखाई दिए हैं। जहां पुलिस को अपेक्षा नहीं थी। गैंग का पैटर्न भी पता चला है कि घटना के बाद काफी देर तक उल्टी सीधी-दिशा में भागते हैं, जिससे पुलिस सीसीटीव फॉलो न कर सके, इसलिए पुलिस ने दोबारा से ऐसी कई जगह के कैमरों को खंगाला है जहां से जाने की कोई अपेक्षा नहीं थीं।

### पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से मिला 515 अपराधियों का अल्बम, पुलिस करा रही मिलान

एसएसपी की टीमें अलग-अलग प्रदेशों में दस्तक दे चुकी हैं। साथ ही वह गिरोह के सरगना समेत सदस्यों की कुंडली खंगाल रही हैं। ऐसे में पुलिस टीम को पंजाब और राजस्थान से 335 और हरियाणा समेत दिल्ली से 180 अपराधियों के अल्बम मिले हैं। पुलिस ने इन सभी के फोटो और नाम समेत पता भी जुटाई है। जो पूर्व में इस तरह के गैंगों के साथ जुड़े रहे हैं। इनमें से जो जमानत पर हैं। साथ ही इन सभी की उम्र 25 से 30 की है। दरअसल, फायरिंग करने वाले शूटरों की भी उम्र यही थी। यही वजह है कि इसी उम्र के लोगों की कुंडली पुलिस खंगाल रही है। उधर, एसएसपी ने साफ किया है कि इस प्रकरण में फोरेंसिक रिपोर्ट अभी नहीं आई है। असलाह मिलने पर ही मौके पर मिले खोखों से मिलान किया जा सकेगा।

### वीरेंद्र फर्जी दस्तावेज के सहारे इटली, दुबई समेत तुर्की की कर चुका है हवाई यात्रा

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि राजस्थान के गांव गोगासर चारण जिला चुरु निवासी वीरेंद्र चारण 4 मई 2024 से लापता है। उसने फर्जी कागजातों के सहारे दिलीप रजक के नाम से फर्जी पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज बनवाया। इस पासपोर्ट पर उसने इटली, दुबई समेत तुर्की की कई बार यात्रा की है। वह एक बार 12 किलो हेरोइन के साथ अनूपगढ़ राजस्थान में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके सभी दस्तावेजों को भी पुलिस ने सत्यापन करा लिया है। वह मौजूदा समय में विदेश में बैठा है। पुलिस गिरोह की लगभग कुंडली तैयार कर ली है। जल्द ही फायरिंग के आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाएगी।

## युवक को महिलाओं ने पीटा वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बैरियर-दो के पास सोमवार को एक युवक की आधा दर्जन महिलाओं ने जमकर पिटाई की। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि महिलाएं एक युवक पर लात-घूंसे और डंडों की बरसात कर रही हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवक और महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते मामला इतना बिगड़ गया कि महिलाओं ने मिलकर युवक की सरेआम धुनाई शुरू कर दी। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## परिजनों ने 15 साल की किशोरी की कर दी शादी

- किशोरी भागी तब खुला राज, अब माता पिता पर होगी कार्रवाई
- पति ने पीटा तो दूसरे युवक के साथ भागी किशोरी

**बरेली, अमृत विचार:** माता-पिता ने अपनी नाबालिग बेटी की शादी कर दी। पति ने किशोरी को शराब के नशे में पीटा तो वह दूसरे युवक के साथ भाग गई। पुलिस के पास मामला पहुंचा तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके किशोरी को हिमाचल से बरामद किया। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया, जिसमें किशोरी की उम्र 15 साल पाई गई। उसके बाद किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया। मंगलवार को उसे बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने किशोरी के माता पिता को फटकार लगाते हुए उनके सुपुर्द किशोरी को दिया और विवेचक को माता-पिता पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पीलीभीत निवासी 15 साल की किशोरी की उसके माता-पिता ने ढाई माह पहले इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से शादी कर दी। किशोरी के पिता खेती करते हैं। शुक्रवार को किशोरी के पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की। पति की मारपीट के बाद किशोरी दूसरे युवक के साथ भाग गई। इज्जतनगर थाने में उसके पति ने अपनी पत्नी के भागने की रिपोर्ट लिखाई। किशोरी को पुलिस ने बरामद किया। मंगलवार को किशोरी को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा के सामने पेश किया गया। अध्यक्ष ने किशोरी की कम उम्र में शादी करने पर उन्होंने माता-पिता की फटकार लगाई। किशोरी के पिता ने आठवीं की टीसी दिखाई, जिसमें भी उसकी उम्र 17 साल ही निकली।

## युवक ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुई है।

बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को साढ़े तीन बजे काशीराम कॉलोनी निवासी अजय पांडे ने पुलिस को बताया कि उनके ब्लॉक के नीचे रहने वाले सोनू अपनी मां के नाम पर अलाट सरकारी क्वार्टर में अकेला रहता था।

उसने दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरा खंगाला मगर कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनू मजदूरी करता था। उसकी शादी अभी नहीं हुई थी।

## धमकी : जो आएगा वो मौत की नींद सोएगा, गोल्डी-लॉरेंस जिंदाबाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर गैंगस्टर गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिखकर बैंक मैनेजर को 11 दिन में गोली मारने की धमकी देने वाले आरोपी को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय नगर निवासी राज कश्यप के रूप में हुई। वह नशे का आदी बताया जा रहा है।

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग की दहशत अभी कम नहीं हुई थी कि संजय नगर निवासी राज कश्यप उर्फ अनुज ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर धमकी भरी पोस्ट डालकर सनसनी मचा दी। पोस्ट में गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई जिंदाबाद लिखकर वीडियो और ऑडियो अपलोड किए। इतना ही नहीं, पुलिस अधिकारियों को गालियां देते हुए चेतावनी दी कि सिस्टम सुधार लो, वरना बैंक मैनेजर को जान से मार देंगे। जांच में पता चला कि राज बिना कागजात के कार लोन लेना चाहता था। इस पर बैंक मैनेजर ने लोन देने से मना कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर बैंक मैनेजर को 11 दिन में गोली से उड़ाने की धमकी दी थी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।


गिरफ्तार आरोपी राज कश्यप।

- फेसबुक पर लॉरेंस बिश्नोई जिंदाबाद लिखकर बैंक मैनेजर को धमकाया
- आरोपी बोला, 11 दिन में गोली मार दूंगा, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

### गिरफ्तारी के बाद पत्नी-बच्चे पहुंचे थाने

पुलिस का दावा है कि राज सूखा नशा करने का आदी है। वह नशे में इस तरह की हरकतें करता रहता है। हालांकि पुलिस के हत्थे चढ़ते ही उसका नशा उतर गया। वह पहले भी अपने पिता और भाई पर हमला कर चुका है। उस पर बारादरी में दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी की जानकारी होने पर पत्नी अपने दो बच्चों को लेकर थाने पहुंची और पति को माफ करने की गुहार लगाती रही। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि दरोगा जितेंद्र कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल दिया भेजा गया है।

## कारोबारी के 38.35 लाख रुपये हड़पे

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के सोना-चांदी कारोबारी से साथियों ने 38.35 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कटरा चांद खां के हरि मस्जिद निवासी करामतउल्ला खां का आरोप है कि उनकी जान-पहचान नवाबगंज निवासी हफीज अहमद और उसके परिवार से थी। हफीज की बेटी ज्वेलर्स की दुकान चलाती थी। जहां से वह अक्सर गहने खरीदते थे। इसी भरोसे में उन्होंने साल 2009 से 2018 के बीच करीब 8.60 लाख रुपये हफीज को दिए थे। इसके बाद हफीज ने कारोबार बढ़ाने के नाम पर करामत से मोटी रकम मांगी। करामत का कहना है कि उन्होंने 27 अप्रैल 2021 को प्लॉट खरीदने के लिए रखे हुए 39.50 लाख रुपये भी उधार दे दिये। इसके बदले दिए गए सभी चेक बैंक में बाउंस हो गए। बार-बार तकादा करने पर सिर्फ 9.75 लाख रुपये लौटाए गए और बाकी रकम आज तक नहीं दी गई। करामत का कहना है कि कई बार बार वादा करने के बावजूद विपक्षियों ने रुपये नहीं लौटाए। यहां तक कि बरेली का मकान बेचकर वे नवाबगंज जा बसे। 20 सितंबर 2024 को जब वह रुपये मांगने गए तो हफीज, उसकी पत्नी और बच्चों ने गाली-गलौज कर दी। पीड़ित का आरोप है कि सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की, घर का सामान तोड़ा और मोबाइल छीनकर फेंक दिया। अब कोर्ट के आदेश पर हाफिज, कनीज बानो, अमन, रानी और मनतशा पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

## अमर ज्योति कंपनी के 50 हजार के इनामी डायरेक्टर समेत चार पर एक और रिपोर्ट

- डायरेक्टर सूर्यकांत मौर्य पर निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगने का आरोप
- बदायूं और बरेली में कंपनी मालिक सूर्यकांत पर पहले से दर्ज हैं मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 50 हजार रुपये के इनामी अमर ज्योति कंपनी लिमिटेड और अमर ज्योति रुहेलखंड लिमिटेड के डायरेक्टर सूर्यकांत मौर्य और उनके चार एजेंटों के खिलाफ एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर बारादरी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में एक और रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि निवेशकों के लाखों रुपये इन लोगों ने हड़पे हैं। कंपनी पर अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। इन पर बदायूं और बरेली में पहले से ही मुकदमें दर्ज हैं।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के नेकपुर गल्लामंडी, मढ़ीनाथ निवासी पोपराम गंगवार, बूटा सिंह, अजमेर सिंह, पूजा, शशिबाला समेत अन्य लोगों ने मामले की शिकायत एसएसपी से कर आरोप लगाया कि अमर ज्योति कंपनी लिमिटेड और अमर ज्योति रुहेलखंड लिमिटेड का प्रबंधक सूर्यकांत मौर्य, उसके एजेंट अनुराग मौर्य, देवेंद्र मौर्य, दीपक मौर्य और आशीष पटेल ने कंपनी में लोगों के खाते खुलवाए। झांसे में लेकर कंपनी की विभिन्न स्कीमें बताकर लाखों रुपये निवेश कराया। सूर्यकांत और उसके गुर्गे रुपये हड़प कर कंपनी के दफ्तरों में ताला डालकर फरार हो गए।

### दोनों भाइयों ने सफेदपोशों की ली है शरण

बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सूर्यकांत की तलाश पुलिस ने शुरू की। सूर्यकांत और शशिकांत पर बदायूं एसएसपी ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जिसे डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बढ़ा कर 50-50 हजार रुपये कर दिया था। इसके बाद दोनों भाइयों ने सफेदपोशों की शरण ली, जिस कारण पुलिस भी इन पर हाथ डालने से कतरा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश और दबिश देने की बात कह रही है। बदायूं के लोगों ने कटरा चांद खां स्थित मालिकों के घर पर काफी हंगामा भी किया था। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## डिलीवरी ब्वॉय को चलती बाइक पर दरोगा ने मारा डंडा, गंभीर



- एसएसपी कार्यालय में की शिकायत सीओ द्वितीय को सौंपी जांच

**बरेली, अमृत विचार :** एक दरोगा पर डिलीवरी ब्वॉय को चलती बाइक पर डंडा मारने का आरोप लगा है। डंडा मारने से ब्वॉय गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सिर्फ उसका मेडिकल कराकर घर भेज दिया। उसने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। सोमवार से उसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। जनसुनवाई कर रहे अधिकारी ने मामले की जांच सीओ द्वितीय को सौंपी है।

सुभाषनगर क्षेत्र के नेकपुर गल्ला मंडी निवासी अजीत कश्यप ने एसएसपी कार्यालय में की शिकायत में बताया कि वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। सोमवार रात करीब आठ बजे अपना काम खत्म करके घर लौट रहा था। किला थाना क्षेत्र के सत्य प्रकाश चौक पार्क के आगे वाहन चेकिंग कर रहे दरोगा वीरभद्र सिंह ने बिना रोके और बिना कोई कारण बताए डंडा मार दिया। आंख के नीचे डंडा लगने से वह बाइक से गिर गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बाइक उसके दोस्त सोनू की है, जिसकी चाबी दरोगा ने अपने पास रख ली। उसको एक क्लिनिक में बंद रखा और फोन भी छीन लिया। काफी मिन्नत करने के बाद फोन दिया। सीओ द्वितीय सोनाली मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसे आधार बना कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधान के शिक्षक पति की हत्या में चौकीदार और महिला को उम्रकैद

- सात साल पहले हुई थी हत्या, कोर्ट ने दो आरोपियों को किया बरी

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सात साल पहले चुनावी रंजिश में प्रधान के शिक्षक पति की हत्या के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने बेचेलाल उर्फ शंकर और शिव मंगला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और दोनों पर 25 हजार और 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं दो आरोपी अमरपाल और ओमप्रकाश को बरी कर दिया।

सरकारी वकील हेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि थाना हाफिजगंज के ग्राम प्रेमपुर मुरारपुर निवासी सावित्री देवी ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बताया था कि फरवरी 2018 को उनके पति गंगाराम नवाबगंज में पुष्प वाटिका बरातघर में दावत में जाने की तैयारी कर रहे थे तभी शाम करीब 7.40 बजे उसके दरवाजे पर एक अज्ञात व्यक्ति आया और उसने उसके पति को आवाज लगायी। वह भी बाहर आयीं तो देखा कि गांव के ही अमरपाल, ओमप्रकाश, महेन्द्रपाल व दयाराम खड़े थे। यह लोग दावत में जाने की बात कर रहे थे। यह लोग पति गंगाराम को अपने साथ दावत में साथ ले गये। अगले दिन 11 फरवरी को पति दावत खाकर वापस नहीं लौटे। खोजबीन पर पता चला कि ग्राम रिछौला किफायतुल्ला पूरब बड़ी नहर में उसकी लाश पड़ी है। पति की इन लोगों ने चुनावी रंजिश में घर से बुलाकर हत्या की है। पुलिस ने हत्या, आपराधिक षडयंत्र की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद बेचे लाल उर्फ शंकर, ओमप्रकाश, महेन्द्र पाल, शिव मंगला देवी, ओमप्रकाश के खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने, आपराधिक षडयंत्र की संगीन धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। विचारण के दौरान महेन्द्र पाल की मृत्यु हो जाने के कारण उसके खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही खत्म कर दी गयी।

वादिनी ने कोर्ट में गवाही में बताया कि 10 फरवरी 2018 को नवाबगंज पुष्प वाटिका बारात घर में मोहल्ले की लड़की स्वाति की बारात थी। उस बारात में उसके पति गंगाराम भी जाने की तैयारी कर रहे थे। मुल्जिम उन्हें अपने साथ ले गये। घटना के समय वह प्रधान थीं, उसके खिलाफ प्रधानी का चुनाव अमर पाल की पत्नी और ओमप्रकाश की पत्नी लड़ी थीं, जो चुनाव हार गई थीं। इस कारण मुल्जिम उसके पति से रंजिश मानते थे। इन लोगों ने उसके घर आकर पति के साथ गाली गलौज की थी और गांव की एक महिला से बलात्कार का झूठा मुकदमा पति के खिलाफ लिखवा दिया था। उसके पति अध्यापक थे और वह रसूला कमरूलनिसा के विद्यालय में पढ़ाते थे। बेचे लाल ग्राम चौकीदार है। घटना वाले दिन शिव मंगला देवी ने समझौते के लिए 14 लाख रुपये की मांग की थी। अभियोजन ने 11 गवाह पेश किये।

### कोर्ट के आदेश पर युवक से मारपीट करने के आरोपियों पर दर्ज होगी रिपोर्ट

**विधि संवाददाता, बरेली :** युवक की बाइक में टक्कर मारने और विरोध करने पर मारपीट और बाइक तोड़ने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुप्रिया ने प्रेमनगर थाना प्रभारी निरीक्षक को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। थाना प्रेमनगर क्षेत्र निवासी सैयद सैफ ने अपने वकील सद्दाम सलीम के जरिए कोर्ट में अर्जी देकर बताया था कि 31 अक्टूबर 2024 की रात 9 .30 बजे निजी काम से एसएसडी प्लाजा होते हुए अपने घर आ रहा था। आरोप था कि प्लाजा के सामने ही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। कार से निकलने वाले 5-6 युवकों ने शराब पी रखी थी और उन्होंने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। आरोपियों ने अपने नाम देवांश यादव और राम कुर्मी बताए। मारपीट के दौरान आरोपियों ने युवक का पर्स छीन लिया जिसमें चार हजार रुपये थे।

### अवैध दवाइयों की खरीद-फरोख्त में शामिल दो भाइयों को कठोर कारावास की सजा और जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली।** अवैध दवाइयों की खरीद-फरोख्त में शामिल दो सगे भाइयों को स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट विकास कुमार ने कठोर कारावास की सजा सुनाई। थाना सीबीगंज के महेशपुर निवासी मुन्ने को 20 वर्ष कठोर कारावास और दो लाख रुपये जुर्माने और उसके भाई बबलू उर्फ कमर अली को 10 वर्ष कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। 19 फरवरी 2023 को सीबीगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महेशपुर में दबिश देकर मुन्ने को पकड़ा था। तलाशी में उसके गोदाम से पेटियों में भारी मात्रा में नशीली दवाइयों की खेप बरामद हुई थी। मुन्ने ने पुलिस को बताया था कि उसका भाई बबलू उर्फ कमर अली कुछ लोगों के संपर्क में है, जो उसे नशीली दवाइयों की खेप लाकर देते हैं, जिसे वे लोग अपने मेडिकल के माध्यम से बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। अभियोजन ने 10 गवाह पेश किए, जिसके बाद स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट विकास कुमार ने दोनों भाइयों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। सरकारी वकील अवधेश कुमार शर्मा व संतोष सिंह ने बताया कि दोनों भाइयों को सजा सुनाई गई है, जो अवैध दवाइयों की खरीद-फरोख्त में शामिल थे।

## ऑनलाइन खरीदी टीशर्ट, ठगों ने किया खाता साफ

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में युवती ने ऑनलाइन एक टीशर्ट खरीदी। टीशर्ट की डिलीवरी घर पहुंचने से पहले एक महिला ने काल किया और झांसे में लेकर खाता साफ कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुरेश शर्मा नगर निवासी सौम्या ने बताया कि उन्होंने नुवेरा कंपनी से टी शर्ट आर्डर की थी। टीशर्ट का भुगतान भी कर दिया था। 21 जुलाई को टीशर्ट की डिलीवरी होने वाली थी। इससे पहले उसके पास अंजान नंबर से एक महिला का काल आया। महिला ने बताया कि वह नुवेरा कम्पनी से बोल रही है। उसने पार्सल होल्ड करने का झांसा देकर 999 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद खाते से खुद ही 89,150 रुपये कट गए। इसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर की लेकिन कुछ नहीं हुआ।

## भारत की बढ़ी साख



नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में वंचित शोषित पिछड़े वर्ग के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के जीवन में सुधार हुआ है। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास हुआ। विदेश में भारत की साख बढ़ी है। भारत लगातार समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। -**दुर्विजय सिंह शाक्य**, क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र भाजपा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओजस्वी छवि, नए आत्मनिर्भर भारत और अत्यंत मजबूत भारत की परिकल्पना को देश के नागरिकों ने स्वीकारा है। अमृत काल में हम एक भव्य एवं विकसित भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है। नरेंद्र मोदी ने देश और समाज के लिए किये गए कल्याणकारी कार्यों से नये कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। -**अधीर सक्सेना**, अध्यक्ष महानगर भाजपा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधान सेवक हैं। वह अंतिम पायदान पर खड़े एक-एक व्यक्ति का पूर्ण विकास करना चाहते हैं। उनका विकसित भारत 2047 का संकल्प युवा, गरीब, महिला, किसान की सम्रद्धि को सुनिश्चित करता है। मोदी के विचारों, निर्णयों ने उन्हें विश्व में बहुत लोकप्रिय बनाया है। -**सोमपाल शर्मा**, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, बरेली

## विपक्ष नहीं खुश



मोदी सरकार के कार्यकाल में हर मोर्चे पर विफलता की कहानी लिखी गई है। विदेश नीति की धज्जियां उड़ गईं, आर्थिक नीतियों ने आम आदमी की जेब काट दी और आंतरिक सुरक्षा की पोल खोल दी। मोदी के कार्यकाल में देश में नफरत और द्वेष का माहौल बढ़ा है। - **डॉ. जयपाल सिंह**, मंडल एवं जिलाध्यक्ष, बसपा



भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार पिछले 11 साल में हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। इसमें मुख्य रूप से विदेश नीति,आर्थिक नीति व सामरिक आंतरिक मामलों में कमजोर साबित हुई है। देश में नफरत व द्वेष का भाव भी मोदी सरकार में बढ़ा है अमीर और गरीब की खाई और गहरी हुई है। - **मयंक शुक्ला**, प्रवक्ता समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश



मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में युवा, किसान और व्यापारी वर्ग परेशान है। सरकार ने जो वादे चुनाव में किए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। किसान खाद के लिए परेशान है। युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। मोदी सरकार ने देश में निजीकरण लागू करके उद्योगपतियों को लाभ दिलाने की ओर कदम उठा लिए हैं। -**मिर्जा अशफाक सकलैनी**, कांग्रेस जिलाध्यक्ष

# हर क्षेत्र में देश कर रहा विकास, श्रेय के पात्र हैं प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस आज, व्यापारियों, उद्यमियों और डॉक्टरों ने कार्य कुशलता की सराहना की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक में विकास के पथ पर अग्रसर है। वहीं उनकी कार्य कुशलता के चलते हर वर्ग विकसित देश का सपना देख रहा है, जो कि कई मायने में सार्थक हो भी रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ये विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उद्यमी, डॉक्टर और व्यापारियों ने साझा करते हुए नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। वहीं शिक्षकों, नेताओं, छात्रों, रेलवे कर्मचारियों, फड़ वालों समेत अन्य ने भी मोदी के कामों की जमकर तारीफ की।

### विकसित भारत के निर्माण में उद्योगों का योगदान



विकसित भारत के निर्माण में उद्योगों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। एमएसएमई से जुड़ी नीतियां निश्चित ही सार्थक परिणाम देंगी और हमें पूरा विश्वास है कि वर्ष 2047 से पहले ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, जिसमें एमएसएमई उद्योगों की भूमिका सबसे बड़ी होगी।- **मयूर धीरवानी**, अध्यक्ष, आईआईए



प्रधानमंत्री जैसी दूरदर्शिता, कर्तव्य निष्ठा और निर्भीकता विरले ही देखने को मिलती है, चाहे वह जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर हो या जमीन से जुड़े सबसे आखिरी व्यक्ति के बारे में सोचने की। भारत की आजादी की 100वीं वर्षगांठ से पहले हमें विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता। - **ऋषभ दीक्षित**, सह सचिव व मीडिया प्रभारी, आईआईए



विकसित भारत को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी के विजन के साथ पूरा देश खड़ा है और यह अवश्य साकार हो यह हमारी कामना है। हर वर्ग उनकी कार्य कुशलता की सराहना करता है। हर वर्ग को उनके विजन से लाभ पहुंचा है। - **रजत मेहरोत्रा**, सचिव, आईआईए



प्रधानमंत्री की सोच दूरदर्शी है,जीएसटी को लेकर हाल ही में लिया गया फैसला उनके कार्य कुशलता का ही परिणाम है। - **राजीव सिंघल**, अध्यक्ष, सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन

### पीएम के नेतृत्व में देश तरक्की की ओर अग्रसर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में देश तरक्की की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत का सपना उन्होंने सबको दिखाया। डिजिटल इंडिया, इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा में मजबूती आई है वहीं राष्ट्रहित में उनके साहसिक निर्णयों ने देश को आगे बढ़ाया है। - **अनिल अग्रवाल**



जीएसटी के प्रावधानों को लेकर जो फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया है इससे व्यापार वर्ग में ऊर्जा का संचार हुआ है, वहीं युवा उद्यमियों के लिए निरंतर चलाई जा रही योजनाओं से युवा वर्ग भी व्यापार को लेकर आकर्षित हो रहा है। - **मनीष रस्तोगी**




विगत 11 वर्षों में भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया है जिसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। हम व्यापारी उनकी दीर्घायु की कामना करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि वह सदैव स्वस्थ रहें और कम से कम 2034 तक भारत का नेतृत्व करें। - **राजेश जसोरिया**



नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हर वर्ग के व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता में हो रहा है। जब व्यापार बढ़ेगा तो देश की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री का विजन भी इस दिशा में इसी सार्थकता का है। - **वीरेश पाल सिंह**

### आयुष्मान योजना संजीवनी बनी



प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है। विशेषकर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों और गरीब मरीजों को निशुल्क उपचार का जो वरदान मिला है, वह वास्तव में एक जनकल्याणकारी पहल है। - **डॉ. आरके सिंह**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही चिकित्सा सुविधाएं और शिक्षा दोनों में ही सार्थक बदलाव हुए। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है जिससे गंभीर मरीज को आर्थिक हानि न होने के साथ त्वरित स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री की हर जन लाभकारी योजना का लाभ हर वर्ग और समुदाय को मिलता है। - **डॉ. मयंक कुमार गुप्ता**



नरेंद्र मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही उनके व्यक्तित्व को जानने के लिए सोशल मीडिया और किताबें से ज्ञान अर्जित किया लेकिन जिस प्रकार से उनके द्वारा देश को हर क्षेत्र को समाहित कर विकासशील बनाया जा रहा है ये सराहनीय है। स्वास्थ्य के हित को देखते हुए उन्होंने तमाम योजनाएं संचालित की है जिससे हर वर्ग का मरीज लाभान्वित हो रहा है। -**डॉ. राहुल वाजपेई**


# मोदी के विजन से रेलवे आत्मनिर्भर बना



नरमू के शाखा सचिव राजेश दुबे का कहना है कि पीएम मोदी ने रेलवे में टेक्नोलॉजी का बड़ा विस्तार किया है। स्टेशन रीडेवलपमेंट, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और वंदे भारत जैसी ट्रेनों ने रेलवे को नए युग में पहुंचा दिया है। यह बदलाव न केवल यात्रियों को सुविधा देंगे बल्कि रेलवे कर्मचारियों को भी आधुनिक कार्यप्रणाली से जोड़ेंगे।



नरमू के अध्यक्ष मुशर्रफ खान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन रेलवे को आत्मनिर्भर बनाना है। मेक इन इंडिया के तहत कोच और इंजन निर्माण में देसी उत्पादन को बढ़ावा मिला है। साथ ही सुरक्षा और संरक्षा पर दिया जा रहा जोर कर्मचारियों के लिए भी राहत की बात है।



नरमू के कोषाध्यक्ष सुशील अरोरा ने कहा कि मोदी सरकार ने रेलवे में डिजिटलीकरण पर जोर दिया है। टिकटिंग से लेकर माल ढुलाई तक ऑनलाइन सुविधाएं बढ़ने से पारदर्शिता आई है। कर्मचारियों को भी अब प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के जरिए नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है।



नरमू के सहायक सचिव महेश चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन सिर्फ यात्री सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि कर्मचारियों के हितों को भी ध्यान में रखता है। कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और ट्रेनिंग पर विशेष योजनाएं लागू हो रही हैं। यह रेलवे परिवार के लिए सकारात्मक संकेत है।

# फड़ संचालकों ने गिनाईं पीएम की उपलब्धियां

कचहरी पर फड़ संचालक मुकेश ने कहा कि मोदी ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर उज्ज्वला योजना तक कई योजनाएं दीं, जिससे उनका जीवन आसान हुआ है।

सर्किट हाऊस चौराहे पर साइकिल मिस्त्री सेरेन पॉल ने बताया कि मोदी ने स्वनिधि योजना के तहत अपना काम करने के लिए लोन मिला। लगातार राशन भी मिल रहा है।

गांधी उद्यान के पास फड़ लगाने वाले अर्जुन सिंह ने कहा भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मार गिराकर देश की ताकत दुनिया को दिखाई। मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर यह साबित किया कि अब भारत चुप बैठने वाला देश नहीं है।

भारत सिंह ने कहा कि पहले गरीब आदमी बैंक तक जाने से कतराता था, लेकिन जनधन योजना ने स्थिति बदल दी। अब हर किसी का खाता है जिससे आम आदमी मुख्य धारा से जुड़ा है।

# शिक्षकों, छात्रों ने पीएम के काम को सराहा

**बरेली, अमृत विचार** : प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में देश नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। शिक्षकों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश हित में नोटबंदी जैसे कड़े फैसले लेते हुए कालाधन रखने वालों की नींद उड़ा दी। विद्यार्थियों ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश पर आंख दिखाने वालों को जवाब दिया जाता है। पहलगाम हमले का बदला ऑपरेशन सिंदूर से लिया गया। शिक्षक आशीष, प्रखर मिश्रा, छात्रा प्रेरणा मिश्रा, छात्र हर्षित चौहान ने भी मोदी की तारीफ की।



प्रधानमंत्री ने देश को विश्व स्तरीय पहचान दिलाई है। आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया से भारत को नई दिशा मिली है।-**कमलेंद्र तिवारी**, शिक्षक



पीएम ने भारत की आवाज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती के साथ पहुंचाया है और देश को आत्मविश्वास के साथ स्थापित किया है।-**रचित त्रिवेदी**- छात्र



प्रधानमंत्री बहुत ही ऊर्जावान नेता हैं जो दिन प्रतिदिन देश को विभिन्न क्षेत्रों अव्वल स्थापित कर रहे हैं। -**प्रेरणा शर्मा**



प्रधानमंत्री मोदी बहुत करिश्माई और निर्णायक छवि वाले नेता हैं। जनसभा में उनके द्वारा दिए गए भाषण बहुत प्रभावित करने वाले रहते हैं।-**हिमांशु माथुर**, शिक्षक



प्रधानमंत्री लोकप्रिय नेता हैं उनकी उर्जा और मार्गदर्शन ने भारत को नई- नई बुलंदियों पर पहुंचाया, जिस पर मुझे गर्व है।-**जाह्नवी सिंह**, छात्रा



प्रधानमंत्री दुश्मन की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जबाव देते हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। -**अभिनव मिश्रा**, छात्र

### युवा क्रिकेटर राष्ट्रीय स्तर पर बना रहे पहचान

# खिलाड़ियों ने गिनाए खेल जगत में सरकार के काम

पहले छोटे शहरों के खिलाड़ियों को मौके नहीं मिलते थे। अब टूर्नामेंट और कैंप के जरिए प्रतिभा सामने आ रही है। खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर पहचान मिली। -**बंटी मौर्य**, खिलाड़ी

मोदी सरकार की पहल से खेल अवसंरचना मजबूत हुई है। क्रिकेट के मैदान और नेट प्रैक्टिस पिच छोटे जिलों में विकसित हो रहे हैं। अब खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और उपकरणों के लिए ज्यादा भटकना नहीं पड़ता।- **मनोज सागर**, खिलाड़ी

प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर फिट इंडिया मूवमेंट ने क्रिकेटरों के बीच फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा दिया। पहले खिलाड़ी फिटनेस को लेकर उतने गंभीर नहीं रहते थे। अब फिटनेस को लेकर क्रिकेटर और कोच दोनों सजग हो गए हैं।-**यश रस्तोगी**, युवा क्रिकेटर

सरकार की योजनाओं से क्रिकेटरों के सामने नई संभावनाएं खुली हैं। यही कारण है कि आज छोटे कस्बों से निकलकर युवा क्रिकेटर राष्ट्रीय स्तर पर जगह बना रहे हैं।- **नितिश भारद्वाज**, कोच

# चौपुला से नौमहला तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

**बरेली, अमृत विचार** : शासन के आदेश पर बुधवार से सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाने की कार्य योजना तैयार कर ली है। बुधवार को सुबह 8 बजे से अभियान की शुरुआत चौपुला चौराहे से होगी। अभियान नौमहला तक चलेगा।

उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत 10 टीमों का गठन कर दिया गया है। अभियान की शुरुआत मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य करेंगे। पखवाड़े के तहत शहर के हर वार्ड में अलग-अलग दिन सफाई अभियान चलेगा। वहीं टीमों की कार्य की निगरानी संबंधित क्षेत्र के सफाई निरीक्षक करेंगे वहीं रोजाना रिपोर्ट भी ली जाएगी।

# बरेली एयरपोर्ट पर मनाया जाएगा यात्री सेवा दिवस

- एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई
- तिलक लगाकर यात्रियों का होगा स्वागत लोकनृत्य, पौधरोपण समेत होंगे कई कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: बरेली एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) बुधवार को यात्री सेवा दिवस मनाएगा। जिसमें यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।



एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि एएआई देश भर के अपने सभी हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर 17 सितंबर को यात्री सेवा दिवस मना रहा है। इसके मुख्य आकर्षणों में आगमन करने वाले यात्रियों का पारंपरिक तिलक से स्वागत शामिल है। यात्रियों को भारतीय परंपरा का अनुभव कराने के लिए एयरपोर्ट पर इसकी विशेष व्यवस्था रहेगी। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया जाएगा। इसमें स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और वरिष्ठ नागरिक शामिल होंगे। आगमन हॉल में लोकनृत्य प्रस्तुतियां होंगी, जो क्षेत्रीय संस्कृति की झलक पेश करेंगी। बच्चों के लिए देशभक्ति विषय पर प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा परिसर के विभिन्न स्थानों पर विशेष फोटो बूथ लगाए जाएंगे, इनपर यात्री यादगार तस्वीरें ले सकेंगे। वहीं सामाजिक जिम्मेदारी के तहत रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को हवाई अड्डे का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान विमानन क्षेत्र में करियर के अवसरों पर विशेषज्ञों द्वारा परिचर्चा होगी।

# शाहदाना वली पर चादरपोशी करके मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के प्रदेश महासचिव शारिक अब्बासी के नेतृत्व में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिन के मौके पर उनकी लंबी उम्र और शाहदाना वली दरगाह पर उर्स के मौके पर चादरपोशी करके देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खान ने हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशाद मीर के लिए दुआ की। दरगाह की तरफ से युसूफ इब्राहिम, शहवीर, गुलशन खान, वसीम अहमद ने चादरपोशी कराई। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद तारिक कुरैशी, महानगर उपाध्यक्ष मोहम्मद हसीब, वसीम अहमद, शब्बू कुरैशी, महानगर सोशल मीडिया प्रभारी नूरुद्दीन, मोहम्मद आलम कुरेशी, साहिल खान, असरफ अब्बासी, मोहम्मद दानिश मौजूद रहे।



दरगाह पर चारदपोशी करने पहुंचे अकीदतमंद।

# मोदी की तस्वीरों से महक रही 82 साल के महेंद्र की बगिया

- राष्ट्रपति पुरस्कर प्राप्त चित्रकार डा. महेंद्र कुमार सक्सेना ने पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को उभारते हुए 50 से अधिक पोट्रेट बनाए

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रपति पुरस्कर प्राप्त चित्रकार डा. महेंद्र कुमार सक्सेना के आंगन की बगिया कई साल से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न मुद्राओं की तस्वीरों के पोट्र्रेट से महक रही है। इसे नरेंद्र मोदी की तस्वीरें बनाने का जुनून की कहेंगे कि 82 साल की उम्र में भी हजारों रुपये जेब से खर्च कर तस्वीरें बना रहे हैं। यह जुनून यहीं नहीं रुका, जब महेंद्र कुमार सक्सेना के मकान का कमरा नरेंद्र मोदी की तस्वीरों से भर गया तो उन्होंने आकर्षित करने वाली तस्वीरों को संभालते हुए मकान के अंदर बड़े कमरे में कुर्सियों पर रखवा दिया। धूल न जमा हो, इसके लिए उन तस्वीरों को हल्के कपडे.से ढककर रखा है। उम्र के इस पड़ाव में महेंद्र के जुनून को देख उनके रिश्तेदार और यार-दोस्त भी हैरान रहते हैं। इन तस्वीरों को अभी तक किसी मंच पर सार्वजनिक नहीं किया गया है। पहली बार इन तस्वीरों को आमजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अगले दिन यानि गुरुवार को देख सकेंगे।



प्रधानमंत्री का पोट्रेट बनाते चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना। ● अमृत विचार

डा. महेंद्र कुमार सक्सेना कहते हैं कि चित्रकला की प्रेरणा उन्हें अपनी माता बाजी देवी से मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की राजनीति को एक नया आयाम दिया है। हिन्दुत्व की तरफ भारत की राजनीति को जाने की यह नई दिशा नरेन्द्र मोदी की देन है। इससे वह बहुत प्रभावित हुए हैं। नरेन्द्र मोदी की भाषा शैली में आकर्षण, अपार जनता का झुकाव और नई राह भी सोचने को मजबूर कर रही है। कोरोना के बाद प्रधानमंत्री के विभिन्न पहलुओं और मुद्राओं का चित्रण किया है। प्रधानमंत्री के आर्मी ड्रेस के चित्र, पक्षी प्रेम को दर्शाने वाला भोर में दाना खिलाने का चित्रण किया है। पशु प्रेम शेर के पास मोदी जी, छोटे देश के राष्ट्रपति भारत के प्रधानमंत्री मोदी के पैर छू रहे हैं। मोदी के अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति वाइडन से गम्भीर मुद्रा में बात करते हुए मन को मोह लेने की तस्वीर समेत 50 से अधिक पेटिंग्स बनायी हैं।

### प्रधानमंत्री के चित्रों की प्रदर्शनी और आर्ट प्रतियोगिता कल

**बरेली, अमृत विचार** : वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित चित्रकार डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न मुद्राओं में पोट्र्रेट चित्रित की प्रदर्शनी 18 सितंबर को मनोहर भूषण इंटर कालेज में लगायी जाएगी। इसी दिन सुबह 9 बजे से आर्ट प्रतियोगिता करायी जाएगी। प्रतियोगियों को तीन ग्रुप में बांटा है। ए ग्रुप में कक्षा 5 तक के बच्चों को नरेंद्र मोदी के चित्र में रंग भरना होगा। बी ग्रुप में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों और सी ग्रुप में कक्षा 9 से 12 तक के प्रतियोगियों को देखकर मोदी जी का चित्र बनाकर रंग भरना होगा। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि जिन प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में आने में दिक्कत है वे शास्त्री नगर सी 61 स्थित समिति के कार्यालय से शीट लेकर घर से बनाकर 11 बजे तक जमा कर सकते हैं।


Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE

Creating life.... completing families.

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर

RISAA IVF

Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे

निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर



परामर्श शुल्क

₹200/- ₹100/-

दिन : प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार

समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

उपलब्ध सुविधायें :-

★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में

विशेषतायें:-

★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

स्थान :

IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली

हेल्पलाइन नं० 6398018900

पूर्ण एन.ए.बी.एच (NABH) से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

## शहर में आज

- नगर निगम के प्रकाश विभाग में विश्वकर्मा पूजा सुबह 11 बजे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आंबेडकर पार्क कोतवाली के सामने पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटिहार के साथ स्वच्छता अभियान सुबह 7 बजे।
- श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की प्राचीन रामलीला चौधरी तालाब स्थित श्री रामलीला मैदान में शाम 7 बजे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन आई एमए ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से।
- किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दोपहर 12 बजे।

# रामलीला शुरू, चौधरी तालाब मैदान में गूंजा हर-हर महादेव

## श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ऐतिहासिक रामलीला की शुरुआत, शहर में कई अन्य स्थलों पर भी रामलीला का मंचन हुआ शुरू

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**


चौधरी तालाब स्थित श्री रामलीला मैदान पर गणेश पूजन करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार।

**अमृत विचार:** चौधरी मोहल्ला स्थित श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ऐतिहासिक रामलीला का मंगलवार को 458वां भव्य आयोजन विधि विधान से शुरू हुआ।

चौधरी तालाब स्थित श्री रामलीला मैदान में रामलीला का उद्घाटन श्रीगणेश पूजन से हुआ। इसके बाद शिव-सती और शिव-पार्वती प्रसंगों का आकर्षक मंचन किया गया। लीला की शुरुआत सती मोह प्रसंग से हुई, जिसमें माता सती ने अपने मायके दक्ष प्रजापति के यज्ञ में जाने की इच्छा प्रकट की।

भगवान शिव द्वारा रोके जाने के बाद भी वे वहां पहुंचीं और यज्ञ में शिव का अपमान देखकर स्वयं को अग्नि में भस्म कर लिया। इस करुण दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया।

इसके बाद सती के पार्वती रूप में पुनर्जन्म और उनकी तपस्या का प्रसंग मंचित हुआ। हिमवान और मैना देवी के घर जन्म लेकर पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तप किया। मंचन में पार्वती की भक्ति और तपस्या का अद्भुत चित्रण हुआ। शिव-पार्वती विवाह का भव्य दृश्य आकर्षक वेशभूषा, मधुर संगीत और जयकारों के साथ प्रस्तुत किया गया।

हर हर महादेव और जय माता पार्वती के उद्घोष से पूरा रामलीला मैदान गूंज उठा। अंत में शिव-पार्वती संवाद प्रसंग ने जीवन और धर्म के आदर्शों का संदेश दिया। दिव्य झांकियों और प्रसंगों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शुभारंभ के अवसर पर महंत नीरज नयन दास, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह राजपाल, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट अनिल कुमार, प्रधानाचार्य रवि शरण सिंह चौहान और सक्सेना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।समिति अध्यक्ष पं. रामगोपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला, महामंत्री नारायण दीक्षित, महाप्रबंधक श्रेयांश बाजपेयी, मंत्री धीरेंद्र शुक्ला, बृजेश प्रताप सिंह, उपमंत्री आदित्य शुक्ला, मीडिया प्रभारी शशिकांत गौतम सहित अनेक पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पूजन के बाद जोगी नवादा में शुरू हुई रामलीला


जोगीनवादा में रामलीला की पूजन कर शुरुआत की। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा बनखंडी नाथ मंदिर, जोगी नवादा में श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला महोत्सव की शुरुआत हवन-पूजन के साथ हुई। हवन कार्यक्रम में श्री अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं जूना अखाड़ा से जुड़े संत हरि गिरि महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने रामलीला मंचन को भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक बताते हुए समाज को धर्म, नीति और आदर्शों से जोड़ने का आह्वान किया। मेला संयोजक गिरधारी लाल साहू, मेला अध्यक्ष संजीव शर्मा 'दादा जी' और संरक्षक धर्मेंद्र राठौर 'रिंकू' सहित समस्त मेला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सचिन राठौर, मुन्नालाल राठौर, सत्येंद्र राठौर, जबलपुर की पार्षद बनवारी लाल, भीमसेन गब्बर, अर्जुन सिंह, डॉ. सत्यपाल गंगवार, पार्वती प्रजापति, पंडित संजीव शर्मा आचार्य, सुनील दत्त शर्मा, योगेंद्र कुमार, वैभव कुमार, राहुल राठौर और विनोद दीक्षित आदि ने भी कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। रामलीला आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में रामचरितमानस की अमर गाथाओं का मंचन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और अन्य पात्रों का जीवंत अभिनय प्रस्तुत करेंगे।

### रामलीला मंचन की शुरुआत 19 से

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर में श्री रामलीला सभा के 84वें वार्षिक उत्सव में आयोजित श्री रामलीला का मंचन 19 सितंबर को विधिवत गणेश पूजन एवं सुंदरकांड के साथ किया जाएगा। पिछले एक महीने से चल रही रामलीला की रिहर्सल का मंगलवार को समापन हो गया, जिसमें सभी कलाकारों ने जोश से अपने अभिनय की बारीकियों को सीखा। रामलीला में महिला पात्र के रूप में लड़कियां अपनी भूमिका निभा रही हैं। रिहर्सल के समापन के दौरान सभा के मंत्री आलोक तायल, एडवोकेट केसर सिंह, अमित भारद्वाज, अरविंद माहेश्वरी, डॉ0 अजय शर्मा और अन्य सदस्य शामिल रहे।

## सिटी ब्रीफ

### योगेन्द्र को मिला आदर्श शिक्षक पुरस्कार

**बरेली,अमृत विचार :** डॉ. योगेन्द्र भारद्वाज को पुणे में आनंदी यूनिवर्स फाउंडेशन ने आदर्श शिक्षक पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया। डॉ. योगेंद्र की प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा बरेली स्थित त्रिवटीनाथ सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय (गुरुकुल) से हुई है। वह दिल्ली शिक्षा निदेशालय के 500 से अधिक सरकारी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षानीति-2020 के अनुरूप प्रशिक्षण दे चुके हैं। उन्होंने आयुर्वेदिक एबीसीडी जैसे नवाचारी प्रयोग को भी विकसित किया है। वह वर्तमान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के आइकेएस-ईडीएस केंद्र में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और संस्कृत की एनसाइक्लोपीडिक डिक्शनरी ऑफ संस्कृत के प्रोजेक्ट में उप-संपादक की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आयुर्वेद विज्ञान में एबीसीडी नामक एक नवाचारी प्रयोग भी किया है, जिसकी अकादमिक जगत में सराहना हुई है।

### टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त करना चाहिए

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश में सभी जनपदों में प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर के साथ प्रदर्शन हुए और प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री को डीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि यह आंदोलन सेवा में बने रहने और सर्विस बचाने के लिए है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की सरपरस्ती में प्रदेश में शिक्षकों में भारी रोष है। कोई भी कानून पिछली डेट से लागू नहीं हो सकता है, टीईटी अनिवार्य किए जाने से पहले के नियुक्त शिक्षकों को इससे मुक्त करना ही चाहिए।

# टीईटी की अनिवार्यता वापस लेने की मांग



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सेठ दामोदर स्वरुप पार्क में किया विरोध प्रदर्शन। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● **शिक्षकों ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में किया विरोध**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सोमवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में विरोध प्रदर्शन किया गया। मांडलिक मंत्री मुकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा, जिला मंत्री रोहित सिंह और जिला कोषाध्यक्ष अजरार हुसैन आगा के साथ शिक्षकों ने अपनी सेवा, सुरक्षा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद की।

शिक्षकों का कहना कि टीईटी की अनिवार्यता पूरी तरह अन्यायपूर्ण और अमान्य है। उनका कहना है कि वर्ष 2011 से लागू टीईटी अधिनियम को पूर्व समय से लागू करना उन शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है, जो 20 से 30 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके हैं। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि किसी भी विभाग में ऐसा नियम नहीं है कि नियुक्ति के बाद योग्यता बदली जाए और कर्मचारियों पर उसे पूरा करने का दबाव डाला जाए।

पार्क से कलेक्ट्रेट तक शिक्षकों ने मार्च निकाला और नारेबाजी की। महिलाओं ने भी भारी संख्या में प्रदर्शन में भागीदारी की। शिक्षकों ने कहा कि मुख्यमंत्री का इस मामले में कोर्ट जाने का निर्णय स्वागत योग्य है। केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि इस कानून को पूरी तरह वापस लेना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो शिक्षक लखनऊ और दिल्ली तक आंदोलन को ले जाएंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा ने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष मनोज कुमार गंगवार, ऋचा तिवारी, महिमा दीक्षित, पूनम गंगवार, वनबारी लाल, हरिपाल गंगवार, जैनेंद्र उपाध्याय, विजय कुमार सिंह, डॉ. संजय शर्मा मंत्री, विशेष गंगवार, चंद्रशेखर समेत सैकड़ों की तादाद में शिक्षक मौजूद रहे।

# बीटेक छात्रों को बताए स्ट्रेस मैनेजमेंट के गुर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



रुविवि के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में दीक्षारंभ कार्यक्रम में अमृत विचार के सीओओ डॉ. पार्थो कुनार व शिक्षक। ● अमृत विचार

● **रुविवि के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ**

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दीक्षारंभ कार्यक्रम के पांचवें दिन मंगलवार को अटल ऑडिटोरियम में जीवन में सामंजस्य : वेलनेस प्रैक्टिसेस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के बारे में वक्ताओं ने छात्रों को जानकारी दी।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल मिश्रा ने टेक्नोलॉजी और स्ट्रेस : प्रैक्टिकल मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में तकनीकी विकास जहां एक ओर जीवन को सरल बना रहा है, वहीं यह तनाव का बड़ा कारण भी बन गया है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय बताए और तकनीकी संतुलन बनाकर जीवन को सार्थक बनाने के सूत्र दिए।

द्वितीय सत्र में अमृत विचार के सीओओ और आर्ट ऑफ लिविंग विशेषज्ञ डॉ. पार्थो कुनार ने विद्यार्थियों को क्रियात्मक एवं गतिविधि आधारित व्याख्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन की विधियां सिखाईं। श्वसन अभ्यास, योगिक क्रियाएं और इंटरैक्टिव गतिविधियों के द्वारा उन्होंने छात्रों को मानसिक संतुलन एवं जीवन में सामंजस्य स्थापित करने के तरीके बताए। सत्र का संचालन डॉ. छवि शर्मा ने किया तथा सह-समन्वयक के रूप में डॉ. इंदरप्रीत कौर, डॉ. सौरभ पाठक एवं वरुण प्रताप सिंह का सहयोग रहा।

कार्यक्रम में डीन प्रो. अर्चना गुप्ता, प्रो. निवेदिता श्रीवास्तव, डॉ. श्रवण, प्रो. संजय सिंह, डॉ. एसके चौरसिया सहित विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकायों के शिक्षक और बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


तनाव प्रबंधन की जानकारी देते पार्थो कुनार।




# मरीजों को मिला निशुल्क परामर्श


बुखारा गांव में लगे शिविर में मरीज देखते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल व इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से गांव बुखारा में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में मरीजों को निशुल्क जांच और परामर्श की सुविधा मिली। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बच्चों, महिलाओं समेत अन्य की आंख, दांत और मुख से संबंधित समस्याओं की जांच की और उचित उपचार संबंधी सुझाव दिए। साथ ही लोगों को दंत रोगों से बचाव, सही ब्रश करने की विधि, तंबाकू और गुटखा सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों और किशोरों को विशेष रूप से कैविटी रोकथाम और फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस संबंध में इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने बताया कि इस प्रकार के शिविर से ग्रामीण क्षेत्रों में मुख समेत अन्य बीमारियों से जागरूकता बढ़ती है। लोग समय रहते रोगों की पहचान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान आगे भी समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित करेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को मुख स्वास्थ्य की बेहतर जानकारी और उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

### बरेली करेगा प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी

**बरेली,अमृत विचार:** शहर को खेलों में एक और बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार बरेली को मिली है। आयोजन को लेकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर हैं। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों की टीमें भाग लेंगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी पर 2025-26 के लिए बरेली को पुरुष और महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। यह प्रतियोगिता 29 और 30 सितंबर को होगी।

स्टेडियम में स्टेपल चेज, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो जैसे प्रतियोगिता के आवश्यक स्ट्रूमेंट को उपलब्ध कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएगी। प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जाएगा। वहीं एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेन्द्र तोमर ने कहा कि सभी जरूरी तैयारियां होने पर ही प्रतियोगिता का आयोजन हो सकेगा। आवश्यक तैयारियों के न होने पर मेजबानी पर संकट आ सकता है।

# हिंदी हमारी शान है, देश की यह पहचान है

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**


बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज में हिंदी दिवस पर बैनर दिखाते विद्यार्थी।

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म व कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में मंगलवार को हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में हिंदी के विकास और उसके प्रयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। सभी प्रतिभागी हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिस पर हिंदी हमारी शान है, देश की यह पहचान है, एक, दो, तीन, चार, हिंदी की जय-जयकार समेत अन्य नारे लिखे हुए हैं। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. अवनीश सिंह चौहान, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अतुल बाबू, शिवांशु अग्निहोत्री, शिवओम शंखधार, शालिनी सिंह, शिवानी मिश्रा, छवि पाल, यशिका गुप्ता और चमन बाबू आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के विद्यार्थियों में तान्या सिंह, यांका गंगवार, सलोनी गुप्ता, शिवांशु सिंह, सिकंदर, पवन पटेल व कृतिका च्यवन, रूबी नूर, जमजम फातिमा लुत्फी, विकास पटेल, अनुजा कुशवाहा, दीपांश गंगवार, शिवोम व आंशिक समेत अन्य ने पोस्टर बनाकर जागरूकता रैली को सफल बनाया। प्रवीण कुमार ने फोटोग्राफी की।

## सिटी डायरी

### विश्व ओजोन दिवस पर फ्यूचर यूनिवर्सिटी में हुई गोष्ठी



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व ओजोन दिवस पर फ्यूचर यूनिवर्सिटी में गोष्ठी हुई। इसकी थीम ओजोन परत की सुरक्षा के तरीके और मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत नियंत्रित पदार्थों के उत्पादन और उपयोग को समाप्त करके जलवायु पर सकारात्मक प्रभाव को बढ़ावा देना थी।कार्यक्रम में बी-फार्मा और डी-फार्मा के छात्रों ने अपने विचार साझा किए। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अंकुर कुमार गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, शिवम, सहदेव आदि ने योगदान दिया। पीसी कन्नौजिया ने पौधरोपण का आह्वान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें अंश मिश्रा को प्रथम, केशव को द्वितीय और स्लोप तिवारी को तृतीय पुरस्कार मिला, जबकि सोमेश और आदित्य को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।



### स्कॉलरशिप पोर्टल में हुए बदलाव की जानकारी दी

**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में समाज कल्याण विभाग ने मंडलीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति में आ रही कठिनाइयों के निराकरण, समय सारणी, शासनादेश के विभिन्न बिंदुओं पर परिचर्चा की गई। निदेशालय से नामित आनंद कुमार सिंह, उपनिदेशक समाज कल्याण मुख्यालय और छात्रवृत्ति योजना के सहायक निदेशक सिद्धार्थ मिश्रा ने स्कॉलरशिप पोर्टल में हुए बदलाव और छात्रों को वर्तमान में हो रही समस्याओं के निराकरण की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने सुझाव दिया कि जो छात्र फंड न होने के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, उन्हें छात्रवृत्ति दी जानी चाहिए। उपनिदेशक समाज कल्याण अजयवीर सिंह और जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी बात रखी। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों, यूनिवर्सिटी के प्रधानाचार्य, नोडल अधिकारी, मंडल के चारों जिलों के जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि सहित लगभग 800 लोग उपस्थित रहे।

### एएनए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में इंजीनियर्स डे मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** एएनए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने सोमवार को इंजीनियर्स डे धूमधाम से मनाया। संस्थान के निदेशक डॉ. विनीत अग्रवाल ने इंजीनियरिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंजीनियर ही देश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हैं और विज्ञान के सिद्धांतों का प्रयोग कर समाज की समस्याओं का समाधान करते हैं। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रजेंटेशन, भाषण और तकनीकी गतिविधियों में भाग लिया। निदेशक फार्मेसी डॉ. मुस्तकीम अब्दुल्ला, वाइस चेयरमैन राहुल आनंद, विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में प्रबंधक संजय आनंद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।




### कार्निवल में 21 से भिड़ेंगी 10 कॉर्पोरेट टीमें

**बरेली, अमृत विचार :** श्रेयांश प्लेस्टेशन की ओर से 21 सितंबर से गांव रिछोला ताराचंद्र स्थित मैदान पर कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को आयोजकों ने प्रेसवार्ता में बताया कि टूर्नामेंट के मुकाबले 4 अक्टूबर तक चलेंगे। इस प्रतियोगिता में 10 कॉर्पोरेट टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजक प्रशांत गंगवार ने बताया कि टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य कामकाजी और व्यवसायिक वर्ग को खेलों से जोड़ना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। ग्रामीण परिवेश में आयोजित हो रहा टूर्नामेंट कॉर्पोरेट खिलाड़ियों के लिए आपसी संवाद, टीम भावना और फिटनेस को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच बनेगा।